

# सप्तदश बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## दैनिक विवरणिका

**संख्या-01** **शुक्रवार, दिनांक- 19 फरवरी, 2021 ई० ।**

**माननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.40 बजे अप० तक ।**

[1] **अध्यक्ष द्वारा प्रारम्भिक सम्बोधन** :- (यथा संलग्न)

[2] **महामहिम राज्यपाल का संदेश** :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने महामहिम राज्यपाल से प्राप्त संदेश से सदन को अवगत कराया- ''भारत के सँविधान के अनुच्छेद 176 के खण्ड (1) के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मैं, फागू चौहान, बिहार का राज्यपाल, एतद् द्वारा एक साथ समवेत बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों को, दिनांक 19 फरवरी, 2021 को 11.30 बजे पूर्वाह्न में सम्बोधित करना चाहता हूँ और बिहार विधान मंडल के विस्तारित भवन के सेन्ट्रल हॉल, पटना में सदस्यों की उपस्थिति चाहता हूँ ।

पटना — ह०/- फागू चौहान

दिनांक-20 जनवरी, 2021 — राज्यपाल, बिहार ।''

तदुपरांत माननीय अध्यक्ष महोदय सभा की अनुमति से महामहिम राज्यपाल का स्वागत करने एवं सेन्ट्रल हॉल में बुलाने के लिए सदन से बाहर गए । माननीय अध्यक्ष एवं माननीय सभापति के साथ माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग भी महामहिम राज्यपाल की शोभायात्रा में शामिल होकर सेन्ट्रल हॉल में आये तथा उनके आसन ग्रहण करने के पूर्व राष्ट्रीय धुन बजाया गया ।

सभा सचिव द्वारा महामहिम राज्यपाल से दोनों सदनों के सदस्यों को सम्बोधित करने का अनुरोध किया गया ।

तत्पश्चात् महामहिम राज्यपाल ने दोनों सदनों के सदस्यों को सम्बोधित किया ।

महामहिम राज्यपाल महोदय के भाषण की समाप्ति के पश्चात् पुनः राष्ट्रीय धुन बजाया गया । इसके बाद माननीय अध्यक्ष महोदय तथा माननीय सभापति महोदय, बिहार विधान परिषद्, माननीय मुख्यमंत्री एवं माननीय मंत्री, संसदीय कार्य विभाग महामहिम राज्यपाल महोदय को सेन्ट्रल हॉल से बाहर तक विदा करने गए । महामहिम राज्यपाल महोदय को विदा करने के पश्चात् माननीय अध्यक्ष महोदय ने पुनः सभा वेश्म में आसन ग्रहण किया ।

[3] <u>अभ्यासी सदस्यों का मनोनयन</u> :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने सप्तदश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिए निम्नांकित माननीय सभासदों को अभ्यासी सदस्य मनोनीत किया :-

(i) श्री प्रेम कुमार
(ii) श्री नरेन्द्र नारायण यादव
(iii). श्री अवध बिहारी चौधरी
(iv) श्रीमती ज्योति देवी
(v) श्री मो० आफाक आलम

[4] <u>कार्यमंत्रणा समिति का गठन</u> :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने सप्तदश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिए निम्न प्रकार कार्य मंत्रणा समिति का गठन किया :-

| | | |
|---|---|---|
| (i) | अध्यक्ष, बिहार विधान सभा | सभापति |
| (ii) | श्री नीतीश कुमार, मुख्यमंत्री | सदस्य |
| (iii) | श्री तारकिशोर प्रसाद, उप मुख्यमंत्री | सदस्य |
| (iv) | श्रीमती रेणु देवी, उप मुख्यमंत्री, | सदस्य |
| (v) | श्री विजय कुमार चौधरी, मंत्री, संसदीय कार्य | सदस्य |
| (vi) | श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, मंत्री, ऊर्जा | सदस्य |
| (vii) | श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, नेता, विरोधी दल | सदस्य |
| (viii) | श्री अजीत शर्मा, स०वि०स० | सदस्य |

<u>विशेष आमंत्रित सदस्य</u>

(i) श्री महबूब आलम, स०वि०स०
(ii) श्री अख्तरूल ईमान, स०वि०स०
(iii) श्री अनिल कुमार, स०वि०स०
(iv) श्री राम रतन सिंह, स०वि०स०
(v) श्रीमती स्वर्णा सिंह, स०वि०स०

नियमानुसार अध्यक्ष, इस समिति के सभापति एवं सभा सचिव इसके सचिव होंगे ।

[5] <u>अध्यक्षीय घोषणा</u> :-

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि सप्तदश बिहार विधान सभा के बहुजन समाज पार्टी के एक मात्र सदस्य श्री मो० जमा खान, निर्वाचन क्षेत्र संख्या-206, चैनपुर द्वारा जनता दल (युनायटेड) विधायक दल में विलय किए जाने के अनुरोध पर भारत के संविधान की दसवीं अनुसूची के प्रावधानों के अधीन बहुजन समाज पार्टी विधायक दल का जनता दल (युनायटेड) विधायक दल में विलय की मान्यता प्रदान की गई है । अब श्री मो० जमा खान, स०वि०स० जनता दल (युनायटेड) के सदस्य हैं ।

**[6] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

(i) माननीय उप मुख्यमंत्री सह प्रभारी मंत्री, वित्त एवं वाणिज्यकर विभाग, श्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा महामहिम राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित बिहार कराधान विवादों का समाधान (द्वितीय) अध्यादेश, 2020 की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

(ii) माननीय मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा महामहिम राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित बिहार राज्य उच्चतर शिक्षा परिषद् (संशोधन-2) अध्यादेश, 2020 की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

**[7] आर्थिक सर्वेक्षण का उपस्थापन :-**

माननीय उप मुख्यमंत्री सह प्रभारी मंत्री, वित्त विभाग, श्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा वर्ष 2020-21 के आर्थिक सर्वेक्षण की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

**[8] शोक प्रकाश :-**

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निम्नांकित जननायकों के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिर शांति एवं शोकाकुल परिवार को दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की ।

(i) स्व० दिनकर राम, पूर्व स०वि०स०

(ii) स्व० उपेन्द्र नारायण हाजरा, पूर्व स०वि०स०

(iii) स्व० राज नन्दन राय, पूर्व स०वि०स०

(iv) स्व० बूटा सिंह, पूर्व राज्यपाल, बिहार

(v) स्व० कपिलदेव सिंह, पूर्व स०वि०स०

(vi) स्व० गणेश शंकर विद्यार्थी, पूर्व स०वि०स०

(vii) स्व० कामेश्वर सिंह, पूर्व लोक सभा एवं राज्यसभा सदस्य

(viii) स्व० एम० रामा जोईस, पूर्व राज्यपाल, बिहार

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना सम्बन्धित शोकाकुल परिवारों के पास मेरे एवं सदन की ओर से भेज दिया जाय ।

तदुपरान्त् श्री तेजस्वी प्रसाद यादव, माननीय नेता, विरोधी दल द्वारा बिहार में चल रही मैट्रिक परीक्षा में सोशल साइंस का पेपर लीक होने की सूचना सदन को दी गई ।

आसन द्वारा कहा गया कि इसका संज्ञान ले लिया गया है, साथ ही निदेश दिया गया कि शोक प्रकाश के समय में किसी भी अन्य विषय को नहीं उठाना है ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक सोमवार, दिनांक-22 फरवरी, 2021 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-19.02.2021

राज कुमार सिंह

सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।